Alberta

समाचार विज्ञप्ति

12+ आयुवर्ग के सभी एल्बर्टावासी अब दूसरी खुराक के लिए पात्र

18 जून 2021

जिन व्यक्तियों को मई में या उससे पूर्व अपनी पहली mRNA (फ़ाइजर या मॉडर्ना) खुराक प्राप्त हो गई थी, वे सभी तुरंत प्रभावी रूप से COVID-19 टीके की अपनी दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग कर सकते हैं।

दूसरी खुराकें उपलब्ध कराने में एल्बर्टा देश में सबसे अग्रणी प्रांत बना हुआ है, जहाँ 25 प्रतिशत से भी अधिक पात्र आबादी को पूरी तरह से प्रतिरक्षण प्राप्त हो चुका है। एल्बर्टा सरकार सभी एल्बर्टावासियों के लिए दूसरी खुराक के एपॉइंटमेंट खोलकर इस गति को तेज कर रही है।

ऐसे सभी व्यक्ति जिन्हें जून में पहली mRNA खुराक प्राप्त हुई थी, वे भी अब अपनी पहली शॉट के बाद चार सप्ताह बीत जाने पर अपनी दूसरी खुराक के लिए बुकिंग कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि 983,000 से भी अधिक एल्बर्टावासी एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (एएचएस) [Alberta Health Services (AHS)] और भाग लेने वाली फार्मेसियों तथा चिकित्सक क्लीनिकों के माध्यम से दूसरे एपॉइंटमेंट के लिए बुकिंग कर सकते हैं।

दूसरी खुराक के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग

ऐसे सभी एल्बर्टावासी, जिन्हें चार सप्ताह या इससे पूर्व अपने पहले टीकाकरण में फ़ाइजर या मॉडर्ना (mRNA) की खुराक प्राप्त हुई है, वे अब एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) के ऑनलाइन बुकिंग टूल के माध्यम से, हेल्थ लिंक (Health Link) को 811 पर कॉल करके, या भाग लेने वाले चिकित्सकों के कार्यालयों या फार्मेसियों में अपनी दूसरी खुराक के लिए बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध तिथि वाली अपनी निकटतम फार्मेसी की खोज करने के लिए एल्बर्टा ब्लू क्रॉस वेबसाइट पर उपलब्ध सूची देखें।

जिन एल्बर्टावासियों को एस्ट्राज़ेनेका की पहली खुराक प्राप्त हुई है, उन्हें सबसे अच्छी प्रभाविता सुनिश्चित करने के लिए अपनी दूसरी खुराक की बुकिंग से पहले कम से कम आठ सप्ताहों की प्रतीक्षा जारी रखनी चाहिए। एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) को 811 पर कॉल करके एपॉइंटमेंट बुक किए जा सकते हैं।

पहली खुराक दिए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन एल्बर्टावासियों को अभी तक टीके की अपनी पहली खुराक प्राप्त नहीं हुई है, वे भी एपॉइंटमेंट बुक कर सकते है और हम उनसे ऐसा करने का आग्रह करते हैं। इसके अलावा यदि आप पहली खुराक प्राप्त करके 24 जून को रात 11:59बजे से पहले वेबसाइट alberta.ca/lottery पर रजिस्टर करते/करती हैं, तो आप एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुला लॉटरी (Open for Summer Lottery) में $1 मिलियन जीतने के लिए पात्र भी हो जाएँगे/जाएँगी।

जिन लोगों को प्रांत से बाहर टीका प्राप्त हुआ है, उनके लिए ऑनलाइन उपकरण

एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (एएचएस) [Alberta Health Services (AHS)] एल्बर्टावासियों के लिए एक नया, सुरक्षित वेब-आधारित पोर्टल प्रस्तुत कर रही है, ताकि जिन एल्बर्टावासियों को देश के बाहर या प्रांत के बाहर COVID-19 के टीके प्राप्त हुए हैं, वे इसे अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड में जोड़ सकें।

लोग स्वयं अपने लिए या 18 वर्ष से कम आयु के अपने बच्चों/युवाओं की ओर से प्रांत के बाहर या देश के बाहर प्राप्त हुए टीकाकरण के रिकॉर्ड जमा कर सकते हैं। एएचएस (AHS) द्वारा रिकॉर्डों की समीक्षा की जाएगी और सत्यापित की गई जानकारी उस व्यक्ति-विशेष के MyHealthRecords खाते में दो से तीन सप्ताहों के अंदर उपलब्ध हो जाएगी।

संबंधित जानकारी

- अपना टीकाकरण एपॉइंटमेंट बुक करें

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।